GRAVITA

GRAVITA INDIA LTD.
Corp. Office: Gravita Tower, A-27 B, Shanti Path, Tilak Nagar, JAIPUR-302004, Rajasthan (INDIA)
Phone : +91-141-2623266, 2622697 FAX : +91-141-2621491
Web : www.gravitaindia.com
CIN:- L29308RJ1992PLC006870

**24th October, 2024**
**GIL/2024-25/168**

To,

| | |
|---|---|
| The BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai- 400 001<br>Fax No.: 022-22721919<br>Scrip Code- 533282 | The listing Department<br>The National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, C-1, Block G,<br>Bandra- Kurla Complex<br>Bandra (east), Mumbai- 400 051<br>Fax No.: 022-2659 8120<br>Company Code- GRAVITA |

**Subject: Newspaper Advertisement regarding Dispatch of Postal Ballot Notice.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Please find enclosed herewith copies of Newspaper advertisement published in "Financial Express" (English Edition) and "Nafa Nuksan" (Hindi Edition) regarding dispatch of Postal Ballot Notice to the shareholders of the Company on 23.10.2024.

This is for your information and record.

Yours Faithfully
For **Gravita India Limited**

NITIN GUPTA

Digitally signed by NITIN GUPTA
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=302013, l=Jaipur, st=Rajasthan, street=94-B Murlipura, Jaipur, Rajasthan India- 302013-Behind Govt. School, title=3990, 2.5.4.20=b06401c9a609ebd81b526bd0badd b42dc4ea8897dfcd0cddc5ec428a611f561a, serialNumber=64edf71a99714fa3ea6723068 a8c3414a9e3e05a9e3c14ec5054dbcfbb8feda 2, email=nitin.gupta@gravitaindia.com, cn=NITIN GUPTA
Date: 2024.10.24 10:32:31 +05'30'

**Nitin Gupta**
**Company Secretary**
**(FCS-9984)**

**Encl: As above**

## For Your Information

**List of countries by electric energy consumption (GW·h/yr):**



China: 7,806,000
USA: 3,979,000
India: 1,443,000
Russia: 996,000
Japan: 913,000
Brazil: 577,000
South Korea: 568,000
Canada: 555,000
Germany: 512,000
France: 447,000
Saudi Arabia: 329,000
Iran: 302,000
Mexico: 301,000
Italy: 300,000
UK: 287,000
Turkey: 284,000
Indonesia: 282,000
Australia: 237,000
Spain: 234,000
South Africa: 191,000
Egypt: 168,000
Ukraine: 134,000
Pakistan: 132,000
UAE: 129,000
Argentina: 127,000
Bangladesh: 78,000
Denmark: 38,000
Nigeria: 27,000
Cuba: 16,000
Lithuania: 12,000
Estonia: 8,800
Latvia: 6,900
Niger: 1,300
Seychelles: 600
Falkland Islands: 18

According to EAI, 2021

Compiled by Nafanuksan Research

## अमृत वचन



कल भी कल के लिए जी रहे थे और आज भी कल के लिए जी रहे हैं। सोचिए आज को आप आज के लिए पूरी तरह कब जिएंगे। बिंदास जिओ, जी भर के।

- श्री चन्द्रप्रभ

## Thoughts of the time

Happiness is a prefume you cannot pour on others without getting a few drops on yourself.
- Ralph Waldo Emerson

All things come to him who goes after them.
- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**गोदयां छोरौ, गांव ढिंढ़ोरौ**

**गोद में छोरा, गांव में ढिंढ़ोरा**

- पास रखी चीज को अनदेखा करके सर्वत्र खोजना।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## बाजार

| Index/Commodity | LTP | Chg. (points) |
|---|---|---|
| BSE Sensex | 80,081.98 | -138.74 |
| NSE Nifty | 24,435.50 | -36.6 |
| Gold(MCX,Rs/10gm) | 78,567.00 | -89 |
| Silver(MCX,Rs/kg) | 98,711.00 | -1,261.00 |
| US Dollar(in Rs.) | 84.077 | -0.004 |
| Gold($/ounce) | 2,754.15 | -5.65 |
| Silver($/ounce) | 34.447 | -0.594 |
| Crude Oil($/barrel) | 70.54 | -1.2 |
| London Brent Crude ($/barrel) | 74.77 | -1.27 |
| Copper($/Ton) | 9,488.00 | -133 |
| Aluminium($/Ton) | 2,642.00 | 3 |
| Zinc($/Ton) | 3,141.50 | -6.5 |
| Nickel($/Ton) | 16,182.50 | -321.5 |
| Bitcoin($) | 66,221.60 | -1,077.60 |
| GIFT NIFTY | 24,447.00 | -42 |

Rates as of 6 pm on 23 Oct 2024

## गुरुवार के चौघड़िए

सम्वत् 2081 कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी
राहुकाल : मध्याह्न 1:30 से 3:00 बजे तक
सूर्योदय: 6.35 बजे और सूर्यास्त : 5.47 बजे

| | |
|---|---|
| प्रात: 6.35 से 7.55 | शुभ |
| 7.56 से 9.20 | रोग |
| 9.21 से 10.45 | उद्वेग |
| 10.46 से 12.11 | चर |
| 12.12 से 1.36 | लाभ |
| 1.37 से 3.02 | अमृत |
| 3.03 से 4.27 | काल |
| 4.28 से सूर्यास्त 5.47 | शुभ |
| रात्रि 5.48 से 7.27 | अमृत |
| 7.28 से 9.02 | चर |
| 9.03 से 10.37 | रोग |

आचार्य सुबोध

# राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर समिट में हुए 13 हजार करोड़ के 183 एमओयू

**पर्यटन, खनन सहित कई क्षेत्रों में आएगा विकास और रोजगार का बूम**




**उदयपुर@नि.सं.।** जिले के प्रभारी व राजस्व तथा उपनिवेशन विभाग मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना देखा है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान महती भूमिका निभा रहा है। सरकार नई निवेश प्रोत्साहन नीति के माध्यम से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा दे रही है। मीणा मंगलवार को उदयपुर स्थित एक होटल में जिला प्रशासन, उद्योग केंद्र तथा रीको के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, एडीएम वारसिंह, एसडीएम रिया डाबी, उदयपुर चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष मनोज जोशी भी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे।

इस मौके पर जिला स्तर पर प्राप्त 13 हजार करोड़ रूपए के 183 निवेश प्रस्तावों पर एमओयू का हस्तांतरण किया गया। इनमें से करीब 1500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव कार्यक्रम के दौरान हाथों-हाथ ही प्राप्त हुए। इनमें पर्यटन, खनन, फर्टीलाइजर, मार्बल उद्योग, फुड प्रोसेसिंग आदि क्षेत्रों से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। इन इकाईयों की स्थापना से उदयपुर जिले में 35 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि उदयपुर जिले में पर्यटन, खनन, खाद्य प्रसंस्करण, मार्बल, रियल एस्टेट, आर्ट सहित कई क्षेत्रों में विकास की प्रचूर संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों का उदयपुर में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

**भूमि आवंटन प्रकरणों का होगा त्वरित निस्तारण:** प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि भरोसा दिलाया कि भूमि आवंटन संबंधित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन और सभी विभागों की ओर से भी निवेशकों को पूरी तरह से सहयोग किए जाने की बात कही।

**विकास की नई इबारत लिखेगा उदयपुर:** विशिष्ट अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि उदयपुर पर्यटन और खनन के लिए पूरे विश्व में पहचान बना चुका है। राइजिंग राजस्थान के जरिए नए निवेश प्रस्तावों से उदयपुर विकास की नई इबारत लिखेगा।

**ब्रॉशर का विमोचन:** कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मीणा सहित अतिथियों ने राइजिंग राजस्थान ब्रॉशर का विमोचन किया और उदयपुर में निवेश संभावनाओं पर वीडियो फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमी वीरेंद्रसिंह राणावत, जे.के. टालिया, एनआरआई रमेशचंद्र पाटीदार, उद्यमी मांगीलाल लुणावत सहित अन्य ने अपने अनुभव भी साझा किए। रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील मीणा, जिला उद्योग अधिकारी जोखाराम मेघवाल, प्रिंस परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा निवेशक उपस्थित रहे। इन्वेस्टर समिट स्थल पर उदयपुर की विभिन्न कलाओं, खनन संपदा आधारित उपक्रमों आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रभारी मंत्री ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## ब्रीफ न्यूज

### खारा औद्योगिक क्षेत्र में 320 किलो खींचिए और बज्जू में 60 लीटर तेल नष्ट करवाया



**बीकानेर@नि.सं.।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को खारा औद्योगिक क्षेत्र में 320 किलो खींचिए नष्ट करवाए वही बज्जू में 60 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल नष्ट करवाया। सीएमएचओ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि खारा औद्योगिक क्षेत्र में मैसर्स मरुधर फूड प्रॉडक्ट पर निरीक्षण कारवाई में मौके पर 20 प्लास्टिक के कट्टों में लगभग 320 किलो पुराने खराब खींचिए नष्ट करवाया गया। एसडीएम बज्जू महावीर सिंह जोधा के साथ ग्रामीण क्षेत्र बज्जू में फर्म मां सती जोधपुर, बीकानेर स्वीट्स एंड नमकीन, मैसर्स ग्रामीण मसाला, श्रुति दूध डेयरी एंड मिष्ठान, विष्णु मिष्ठान भंडार से मिठाई, चाय पत्ती, धनिया पाउडर, बेसन चक्की, खींचिए के कुल 12 नमूने लिए गए। इसके अलावा 60 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल नष्ट करवाया गया।

### आने वाली पीढ़ियां मूंधड़ा ट्रस्ट को रखेगी याद: दिलावर

**बीकानेर@नि.सं.।** श्रीमती सीएम मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाई जा रही मेडिसिन विंग देखकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अभिभूत हो गए। उन्होंने यहां की दानशीलता की प्रवृत्ति को अनुकरणीय बताते कहा कि ट्रस्ट द्वारा बनाया जा रहा अस्पताल आमजन के लिए लाभदायक साबित होगी। ट्रस्ट के इस कार्य को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मूंधड़ा परिवार का जन्मभूमि से इतना लगाव अभिभूत करने वाला और कमाई का बड़ा हिस्सा जनहित में लगाना प्रेरणादायी है। लगभग 100 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली यह अस्पताल मूंधड़ा ट्रस्ट को अमर कर देगी। उन्होंने भवन का अवलोकन कर तकनीक की सराहना की। ट्रस्टी श्रीकिशन मूंधड़ा ने बताया कि ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी कन्हैयालाल मूंधड़ा की परिकल्पना के आधार पर कार्य किया जा रहा है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य शिक्षा-चिकित्सा जैसे प्रकल्पों के सुदृढ़ीकरण में सहयोग करना है। ट्रस्ट प्रतिनिधि और जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि महाराजा गंगासिंह ने पीबीएम अस्पताल के लिए विशाल भूमि दी। इसी कारण एक सदी बाद भी इसका विस्तार हो रहा है। **सौ करोड़ की लागत से बनेगा 480 बैड का मेडिसिन विंग:** अस्पताल में महाराजा गंगासिंह, सादुल सिंह एवं प्रिंस विजय सिंह की हस्त निर्मित मूर्तियाँ बनवाई गई हैं। दीवारों पर धन्वंतरी की मूर्ति व अन्य मूर्तियां उकेरी गई हैं। निर्माणाधीन भवन में 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत से 480 बैड का मेडिसिन विंग, कोटेज, वार्ड, आईसीयू,आईसोलेशन वार्ड, ट्रेनिंग हॉल, डॉक्टर्स चेंबर, बेसमेंट कार पार्किंग, लिफ्ट, सीढियां, रेम्प, 4.5 लाख लीटर का अंडरग्राऊंड वाटर टेंक, 2 लाख लीटर का ओवर हेड वाटर टेंक,फायर फाइटिंग सिस्टम, जेनरेटर रूम, रोगियों के परिजनों के लिए वेटिंग एरिया व केन्टीन का निर्माण करवाया जाएगा।

# कारोबारियों से वसूली 6500 रुपए की शास्ति

**बीकानेर@निजी संवाददाता**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा कंज्यूमर केयर अभियान के तहत दूसरे दिन मंगलवार को प्रर्वतन निरीक्षक पवन सुथार एवं मनीष अवस्थी की टीम ने नापासर में तंवर मिष्ठान भंडार, श्रीराम मिष्ठान भंडार, सर्वोदय इंडस्ट्रीज तथा मै. किशन भोग पर औचक निरीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों में मुख्यत: इलेक्ट्रोनिक वजन मशीन नियमानुसार सत्यापित नहीं होने तथा सत्यापन प्रमाणपत्र प्रदर्शित नहीं होने पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के तहत शास्तियां आरोपित की गई। कार्रवाई के दौरान 6500 रूपये की शास्ति वसूल की गई। कंज्यूमर केयर अभियान 30 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिला रसद अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद इत्यादि के साथ डब्बा तौलने, कम माप-तौल एवं पैकेजिंग नियमों में निर्धारित मापदंडों के तहत बिक्री नहीं करने जैसे कदाचारों की रोकथाम की जाएगी।

## मोबाइल वैन कृषि रथ भ्रमण...





विश्व निवेशक सप्ताह में एनसीडीएक्स मोबाइल वैन कृषि रथ ने शहर और स्थानीय मंडियों का भ्रमण किया। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसानों और किसान-उत्पादक संगठनों की ओर से इसमें काफी रुचि और भागीदारी देखी गई। कृषि रथ ने कृषि उत्पादन, मूल्य खोज, विकल्प, वायदा और कमोडिटी डेरिवेटिव के बारे में जागरूकता पैदा की।

# नेशनल • इंटरनेशनल




**जिस** प्रकार यमराज के साये में रहने वाली मानवीय अवस्था अपने शरीर में जमा खून के रिसाव या हवा में उड़ जाने का न तो कोई कारण जान सकती है, न ही उसे रोक सकती है, न ही कहीं ऐसा होने की शिकायत दर्ज करा सकती है और न ही किसी पर ऐसा होने का दोषारोपण कर सकती है ठीक उसी अवधारणा पर **Global Capitalist System** यानि यमराज इकोनॉमी की प्रक्रिया किस तरह चलती है शायद गत कुछ अर्से से पूंजी बाजार (**Capital Market**), जिसे व्यवहार में हम शेयर बाजार कहते हैं, की उठा-पटक में देखते हुए कह सकते हैं कि पूंजी निर्माण का आधार समझा जाने वाला बाजार अब अनेक मायनों में पूंजी को खोने या उसे हमारे **परिधि-क्षेत्र** (देश से बाहर) से बाहर भेजने वाला **ATM** के समान **CTM** यानि **Capital Transfer Machine** का ऐसा माध्यम बन चुका है जिसके जरिए बाहर गई पूंजी प्रथमतया तो हम पुन: हमारे परिधि क्षेत्र में ला नहीं सकते और दूसरा उससे पैदा होने वाले विचलन प्रधान परिवेश में जीवनयापन करना **विवशता** की **आवश्यकता**, कुछ भी कहें, बनता चला जाता है।




साभार (ग्राफ) : राजस्थान पत्रिका

उपरोक्त संदर्भ में गत कुछ अर्से से विदेशी निवेशकों द्वारा अपने निवेश की बिक्री कर पूंजी को अपने घर ले जाने के जो घटनाक्रम देख रहे हैं वैसा ही कुछ नजारा मंगलवार, 23 अक्टूबर के कारोबारी सत्र में देखा गया (देखें आलेख के बीच ग्राफ में दी गयी जानकारी) और जिसे मीडिया ने बाजारों में **कोहराम** मचने की स्थिति बतलाया पर वह गलत इसलिये साबित हुआ कि ऐसा होना वस्तुत: **परमार्थ पूंजीवाद** अथवा **Surplus of Capital** के **Minus** में परिवर्तित होने का हिस्सा बने नजर आया। विदेशी निवेशकों द्वारा ऐसा करने के कारण कुछ भी गिनाये जाएं पर समझने की बात यह है कि हमारा वित्तीय सिस्टम एवं निवेशक पूंजी को खोने के ऐसे आदी होते जा रहे हैं जिसमें खोने का उपक्रम भी उतना ही मजा देता है जितना कि हम व्यवहार में नैतिक मूल्यों की गिरावट में देखते हैं।

बाजारों के अनेक विश्लेषक इस गिरावट को **Healthy Correction** के नाम से इसलिये परिभाषित करते हैं कि इसी में से निवेश के नये अवसरों का सृजन होगा अर्थात वे भी पूंजी के बाहर जाने से होने वाले नुकसान को **Global Capitalist System** की समृद्धि बढ़ाने के लिये **Local Capital** की बलि देने की हकीकत को देश-हित का हिस्सा उसी तरह मानते हैं जिस तरह कि यमराज के प्रहार से पीड़ित किसी मानवीय अवस्था की ईलाज प्रक्रिया के दौरान हम **डॉक्टरों** के व्यवहार में देखते हैं।

कागजी इकोनॉमी के इस कमाल में निवेशकों के कितने रुपैये डूबे या हवा में उड़ चुके हैं ठीक से अनुमान लगाना मुश्किल है पर लगता यह है कि हम स्पष्ट रूप से **Demise of Asian or Old Business Model** के ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जिसकी गति के निर्धारण में **Flow of Capital** का रोल सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हो और चूंकि सरकार भी अब **Business Bankruptcy** के दायरे को **Group Bankruptcy** (कारोबारी समूह का दिवालिया होना) तक बढ़ाने पर विचार कर रही है जिससे यह माना जा सकता है कि **दूरदर्शी** सरकार उन सब प्रक्रियाओं का गठन तेजी से कर रही है जो यमराज इकोनॉमी या **Global Capitalist System** की नीतियों को अपनाने के बाद देखी जाते हुए वित्तीय विचलन का नया आधार बनती चली जाती है, जिसे अन्य संदर्भ में समझने का प्रयास करेंगे अगले सप्ताह के आलेख में।

*For suggestion/feed back contact*
jskothari@nafanuksan.com

GRAVITA

**ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय :** 'सौरभ', चित्तौड़ा रोड़, हरसूलिया मोड, डिग्गी-मालपुरा रोड़, तह. फागी, जयपुर-303 904, राज. (भारत)
**फोन :** +91-141-2623266, 2622697 **फैक्स :** +91-141 2621491
**वेब :** www.gravitaindia.com **CIN :** L29308RJ1992PLC006870
**ई-मेल :** companysecretary@gravitaindia.com

**पोस्टल बैलट नोटिस**

**(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 व कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22 के अंतर्गत)**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम की धारा 108 व 110 व अन्य लागू प्रावधानों के साथ ही कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 एवं 22, सेबी (सूचीबद्धता दायित्वों व प्रकटीकरण आवश्यकताएं) नियम 2015 के नियम 44, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा आम बैठक पर जारी किए गए सेक्रेटेरियल स्टेंडर्ड, कॉर्पोरेट कार्यालय मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सर्कुलर संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सर्कुलर संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य सर्कुलर संख्या 22/2020, दिनांक 15 जून, 2020, सर्कुलर संख्या 33/2020, दिनांक 28 सितंबर, 2020, सामान्य सर्कुलर संख्या 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, सामान्य सर्कूलर संख्या 3/2022 दिनांक 5 मई 2022, सामान्य सर्कूलर संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, सर्कूलर संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 एवं सर्कूलर संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 व किसी की अन्य लागू कानून के प्रावधानों के मुताबिक 4 अक्टूबर, 2024 के पोस्टल बैलट नोटिस में दिए गए प्रस्ताव के संबंध में कंपनी पोस्टल बैलट द्वारा ई-वोटिंग के जरिए सदस्यों की सहमति मांग रही है।

जिन सदस्यों के ई-मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंसी (आरटीए) केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के यहां पंजीकृत हैं व जिनके नाम शुक्रवार, 18 अक्टूबर, 2024 की कट-ऑफ दिनांक को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटिरी के रिकॉर्ड में दर्ज हैं, उन्हें कंपनी द्वारा व्याख्यात्मक विवरण के साथ पोस्टल बैलट का नोटिस 23 अक्टूबर, 2024 को इलेक्ट्रिोनिक रूप से प्रेषित कर दिया गया है। पोस्टल बैलट का यह नोटिस बीएसई लिमिटेड व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ ही कंपनी की वेबसाइट www.gravitaindia.com व सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। जो व्यक्ति कट-ऑफ दिनांक को कंपनी का सदस्य नहीं है वह पोस्टल बैलट नोटिस को केवल जानकारी के तौर पर माने।

कंपनी के निदेशक मंडल ने पोस्टल बैलट/ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने हेतु प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव श्री अक्षित कुमार जांगिड़ (FCS 11285, CP No. 16300) साझेदार, मैसर्स पिंचा एंड कंपनी जयपुर को स्क्रूटिनाइजर के तौर पर नियुक्त किया है।

सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कंपनी ने सेंट्रल डिपॉजिटिरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की सेवाएं ली हैं। रीमोट ई-वोटिंग के लिए आवश्यक निर्देश 4 अक्टूबर, 2024 के नोटिस में दिए गए हैं।

यदि किसी शेयरधारक ने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करा रखें हैं तो ध्यान रहे कि मंत्रालय के सर्कुलरों की अनुपालना में कंपनी केवल इलेक्ट्रोनिक रूप में ही पोस्टल बैलट नोटिस भेजेगी व इस पोस्टल बैलट के लिए फिजिकल पोस्टल बैलट नोटिस, पोस्टल बैलट फॉर्म व प्री-पेड कारोबारी लिफाफा शेयरधारकों को नहीं भेजा जाएगा। ऐसे में सदस्यों की सहमति/असहमति केवल रीमोट ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए ही मान्य होगी। ऐसे में जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं उनसे निवेदन है कि वह अपने ई-मेल पते पंजीकृत करा लें या आरटीए केफिन टेक्नोलोजीज़ लिमिटेड से einward.ris@kfintech.com पर या कंपनी से companysecretary@gravitaindia.com पर संपर्क करें।

रिमोट ई-वोटिंग के जरिए वोटिंग की अवधि गुरुवार, 24 अक्टूबर, 2024 को प्रात: 9 बजे से शुरू होकर शुक्रवार, 22 नवम्बर, 2024 को शाम 5 बजे (आईएसटी) खत्म होगी। इसके बाद ई-वोटिंग सिस्टम को सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उक्त दिनांक के बाद किसी भी सदस्य द्वारा की गई वोटिंग मान्य नहीं होगी व डाक या इलेक्ट्रिोनिक माध्यम से उक्त तारीख के बाद वोटिंग की इजाजत नहीं होगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ दिनांक को कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल के संबंध में सदस्य के पास रखे शेयरों के अनुपात के मुताबिक होगी। प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा एक बार वोट डालने के बाद उसे बदलने की या पुन: वोट डालने की इजाजत नहीं होगी।

फिजिकल शेयर रखने वाले सदस्यों से निवेदन है कि वह कंपनी के आरटीए से einward.ris@kfintech.com पर संपर्क कर अपने ई-मेल पते अपडेट करा लें। वहीं सदस्य जो कंपनी के शेयर कट-ऑफ दिनांक पर होल्ड करते हैं व जिन सदस्यों को पोस्टल बैलट का नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है वह कंपनी को आवेदन भेज उसकी प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।

इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के मामले में, सदस्य www.evotingindia.com वेबसाइट पर हैल्प सेक्शन के तहत उपलब्ध आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) व रिमोट ई-वोटिंग यूजर मैन्यूअल देख सकते हैं। सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सदस्य कंपनी से ग्रेविटा टॉवर, ए-27-बी, शांति पथ, तिलक नगर, जयपुर-302004 (राजस्थान), भारत, टेलिफोन नंबर +91-141-4057800, ई-मेल companysecretary@gravitaindia.com पर भी संपर्क कर सकते हैं। संपर्क सूत्र : नितिन गुप्ता, कंपनी सचिव।

पोस्टल बैलट के जरिए वोटिंग के परिणाम अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा कानूनी समय-सीमा में घोषित किए जाने के साथ ही इनकी सूचना उन स्टॉक एक्सचेंजों को भी प्रेषित की जाएगी जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं। स्क्रूटीनाइजर की रिपोर्ट के साथ यह परिणाम कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगें।

निदेशक मंडल के आदेश से
**ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड के लिए**
**sd/-**
**नितिन गुप्ता**
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
**FCS** :9984

**स्थान :** जयपुर
**दिनांक :** 23 अक्टूबर, 2024